दैनिक
करंट क्राइम

Page No: 02

Date: 06/12/2019

# आईटीएस डेन्टल कॉलेज में मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स-ए वर्ल्ड ऑफ पॉसिबिलिटीज का हुआ आयोजन

दनगर (करंट क्राइम)। नगर के ली-मेरठ रोड़ आईटीएस डेन्टल ज में प्रोस्थोडॉन्टिक्स क्राउन एण्ड , मैक्सिलोफेशियल एण्ड ओरल ांटोलॉजी विभाग के द्वारा सलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स-ए र्ड ऑफ पॉसिबिलिटीज पर एक नात्मक सी.डी.ई. कार्यक्रम का ाजन किया गया। आईटीएस - द केशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा प्रेरणा से इस एक दिवसीय डी.ई. कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें मैक्सिलोफेषियल थोडॉन्टिक्स के नये तकनीक की कारी छात्रों एवं दंत चिकित्सकों दी गयी। इस सी.डी.ई. कार्यक्रम आयोजन प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग क्लीनिकल समस्याओं और वर्तमान प्रगति को ध्यान में रखते हुए किया गया। जिससे सभी विद्यार्थियों और दंत चिकित्सकों को इससे अवगत कराया जा सकें। इस सफल सी.डी.ई. कार्यक्रम में लगभग 70 दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों के एच.ओ.डी. अध्यापक, एम.डी.एस. विद्यार्थी शामिल थे। इस कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के चिकित्सकोंने भी भाग लिया। कार्यक्रम के प्रतिभागी उत्तर भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों से आये थे। कार्यक्रम के प्रसिद्ध प्रवक्ता डॉ. अजय जैन थे, जो एक विशेष दंत चिकित्सक और सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता है। डॉ. अजय जैन वर्तमान में एसोशिएट प्रोफेसर के रूप में एआईएमएसटी मलेशिया ग्लासगो, स्कॉटलैंड, यू.के में कार्यरत है। डॉ. अजयने सभी प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स पर दैनिक क्लिनिकल अभ्यास के दौरान आने वाली समस्याओं के लिए तथा इसके निवारण पर विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय ने सभी विद्यार्थियों और दंत चिकित्सकों को मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स के नये तकनीकों के विषय मे विस्तृत जानकारी दी तथा उन्होंने सभी प्रतिभागियों के साथ अपना अनुभव भी साझा किया। डॉ. अजय का संक्षिप्त परिचय और उनकी एकेडमिक उपलब्धियों के बारे में प्रो. डॉ. काशीनाथ, प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग, ने सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सरस्वती वंदना कर दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभा को सम्बोधित किया और कहा कि आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज के लिए डॉ. अजय जैन द्वारा सभी विद्यार्थियों तथा दंत चिकित्सकों को निर्देशित करने के लिए एक शानदार अवसर होगा। उन्होंने शिक्षा कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि दंत चिकित्सकों को इस क्षेत्र में उन्नति के साथ कदम मिलाकर चलना चाहिए और आईटीएस डेन्टल कॉलेज इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस तरह के ज्ञानवर्धक सीडीई कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। डायरेक्टर-पीजी स्टडीज, डॉ. विनोद सचदेव ने सी.डी.ई कार्यक्रम के संचालन के लिए सभी प्रतिभागियों को मैनिजमेंट के विजन से अवगत कराया ताकि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों और दंत चिकित्सकों के ज्ञान में वृद्धि हो सके। जिससे मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के तौर-तरीकों में सुधार हो सके। प्रधानाचार्य, डॉ. देवी चरण शेट्टी ने छात्रों और दंत चिकित्सकों के शिक्षा तमक ज्ञान में वृद्धि की कामना की तथा उन्होंने अपने अभ्यास के दौरान सीखे गये सभी तौर-तरीकों का उपयोग करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण, डॉ. जगदीश एच.जी. एच.ओ.डी. प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने शब्दों से सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इस एक दिवसीय सी.डी.ई. कार्यक्रम मे लेक्चर, क्लिनिकल केस प्रजेन्टेषन दोनों शामिल थे। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को अपने संस्थानों और उनके अभ्यास में मैक्सिलोफेश्यिल दोष मरीजों को संभालने के लिए तैयार किया गया। प्रवक्ता ने एम.डी.एस., बी.डी.एस. इन्टर्न्स तथा दंत चिकित्सकों के लिए इस तरह के जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक मचं के आयोजन के लिए आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिय सभी प्रतिभागीयों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।





# Hindustan (Hindi)

**Page No.** 04 (Gzb.) **Date.** 06/12/2019

## छात्रों को नई दंत चिकित्या की जानकारी दी

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स-ए वर्ल्ड ऑफ पॉसिबिलिटीज पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय सीडीई कार्यक्रम के दौरान दंत एक्सपर्ट डॉक्टर अजय ने भी छात्रों को आने वाली नई दंत चिकित्सा तकनीक के संबंध में जानकारी दी।

दैनिक हिन्ट

Page No. : 02

Date; 06/12/2019

# आईटीएस में सीडीई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हिन्ट संवाददाता



**गाजियाबाद।** आईटीएस डेन्टल कॉलेज मुरादनगर में प्रोस्थोडॉन्टिक्स क्राउन एण्ड ब्रिज, मैक्सिलोफेशियल एंड ओरल इम्प्लांटोलॉजी विभाग के तत्वावधान में मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स-ए वर्ल्ड ऑफ पॉसिबिलिटीज पर एक सीडीई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से एक दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स के नये तकनीक की जानकारी छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को दी गयी। इस सीडीई कार्यक्रम का आयोजन प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा क्लीनिकल समस्याओं और वर्तमान प्रगति को ध्यान में रखते हुए किया गया। विद्यार्थियों और दंत चिकित्सकों को इससे अवगत कराया जा सकें। कार्यक्रम का प्रारम्भ ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने किया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का शुभांरभ हुआ।

एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि आईटीएस डेन्टल कॉलेज के लिए डॉ. अजय जैन द्वारा सभी विद्यार्थियों तथा दंत चिकित्सकों को निर्देशित करने के लिए एक शानदार अवसर होगा। उन्होंने शिक्षा कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि दंत चिकित्सकों को इस क्षेत्र में उन्नति के साथ कदम मिलाकर चलना चाहिए। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिय सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

दैनिक
नई दिल्ली, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, नोएडा, बुलंदशहर एवं मथुरा में प्रसारित
# जन सागर टुडे
एक सकारात्मक पहल
08 jansagartoday@gmail.com
गाजियाबाद, शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2019



## मैक्सिलो फेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स-ए वर्ल्ड पॉसिबिलिटीज का आईटीएस में आयोजन




▸ कार्यक्रम में नये तकनीक की जानकारी छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को दी गयी।

जन सागर टुडे

मुरादनगर। आईटीएस डेन्टल कॉलेज, मुरादनगर, गाजियाबाद में प्रोस्थोडॉन्टिक्स क्राउन एण्ड ब्रिज, मैक्सिलोफेशियल एण्ड ओरल इम्प्लांटोलॉजी विभाग के द्वारा मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स-ए वर्ल्ड ऑफ पॉसिबिलिटीज पर एक सूचनात्मक सीडीई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ० आर पी चड्ढा की प्रेरणा से इस एक दिवसीय सी डी ई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिक्स के नये तकनीक की जानकारी छात्रों एवं दंत चिकित्सकों को दी गयी। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिय सभी प्रतिभागीयों ने आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ० आर पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।